अनुक्रमांक ......................................                                                                    समय : 1.00 घण्टा

नाम ..............................................                                                                    पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2016
## (संस्कृत)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'विसंज्ञः' शब्द का अर्थ है- **(1)**

(A) चेतनायुक्त (B) अच्छी संगति
(C) चेतनाहीन (D) निरोगी

**2.** 'धेन्वा' शब्द में लिंग, वचन व विभक्ति है- **(1)**

(A) स्त्रीलिंग, बहुवचन, षष्ठी (B) स्त्रीलिंग, एकवचन, तृतीया
(C) स्त्रीलिंग, बहुवचन, तृतीया (D) स्त्रीलिंग, द्विवचन, द्वितीया

**3.** 'राज्ञः' शब्द रूप में प्रयुक्त वचन है - **(1)**

(A) एकवचन (B) द्विवचन
(C) बहुवचन (D) एकवचन व बहुवचन दोनों

**4.** 'स्थास्यथ' शब्द में धातु, पुरुष व वचन है - **(1)**

(A) स्था, प्रथम, द्विवचन (B) स्था, उत्तम, द्विवचन
(C) स्था, मध्यम, बहुवचन (D) स्था, मध्यम, द्विवचन

**5.** 'हम सब पाठ पढ़ेगें' वाक्य का संस्कृत अनुवाद है **(1)**

(A) वयं पाठं पठिष्यामि (B) वयं पाठं पठिष्यन्ति
(C) वयं पाठं पठिष्यावः (D) वयं पाठं पठिष्यामः

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** चिक्रोडाः, मकराः, मरालः, शशकः, सारिका शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का हिन्दी अर्थ लिखिए। **(1)**

**7.** 'चाहिए' के योग में किस लकार का प्रयोग किया जाता है? **(1)**

**8.** 'पितरि' शब्द में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है? **(1)**

**9.** 'भविष्यत् काल' को दर्शाने के लिए किस लकार का प्रयोग किया जाता है? **(1)**

**10.** 'उन्नीस' संख्या को संस्कृत में किस प्रकार लिखा जाता है? **(1)**

**11.** 'सम्प्रदान कारक' का प्रयोग किस विभक्ति के लिए किया जाता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** 'वचन' किसे कहते हैं? छोटे बच्चों को वचन की जानकारी किस प्रकार दी जानी चाहिए। सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**13.** 'आदर्श वाचन' से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**14.** 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्' सूक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**15.** 'भू' धातु का रूप लृट्लकार के तीनों वचनों व पुरुषों में लिखिए। **(2)**

**16.** संस्कृत शिक्षण में 'शब्द कार्डों' का क्या महत्व हैं ? कक्षा में बच्चों को पशु व पक्षियों के संस्कृत नामों की जानकारी किस प्रकार देनी चाहिए, स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**17.** निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत से हिन्दी में अनुवाद कीजिए। (a) अहं पुस्तकं पठामि । (b) तं प्रति दयां कुरू। (c) शिशुः प्रकृत्या सरलः भवति। (d) गुरवे नमः। **(2)**

**18.** निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही छह शब्दों के संस्कृत नाम लिखिए- घोड़ा, कुत्ता, हिरन, बकरी, कोयल, चिड़िया, पेड़, तरबूज, लड्डू, अनार । **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/sanskrit/2016

2. संस्कृत का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/sanskrit/

3. संस्कृत के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/sanskrit/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN